
नदी किनारे मैं खड़ी की पानी झिलमिल
होय,पिया गोरे मैं सांवरी किस विधि मिलना होय
🙏जय शिव शम्भू 🙏
जब मौज पे आई दो लहरें कतरे को
समंदर कर डाला,मेरे बाबा की ऐसी
आदत है जिसको खाली देखा भर डाला।
🙏हर हर महादेव 🙏

# भोले के आदेश से


Pixel Films






हर मनुष्य के जीवन में अपने परिवार और प्रियजन हृदय के सबसे निकट होते होते हैं| अगर कोई प्रिय जन, जिसके साथ आपका बचपन बीता हो, वो नियति नटी ने आपसे छीन लिया हो तो उसकी याद आपको हमेशा के लिए उद्द्वेलित करती रहती है| इससे कोई अपने हृदय को सदा व्यथित रखकर जीवन में आगे चलता है, पर कुछ विरले ऐसे भी होते हैं जो इन स्मृतियों को अपनी ऊर्जा बनाकर काम करते हैं और इसी ऊर्जा को समाज की भलाई में लगा देते हैं. मोहिनी फाउंडेशन एक ऐसी ही अनोखी संस्था है जो श्री ओ.पी. शर्मा जी ने अपनी प्रिय बहिन मोहिनी की स्मृति में बनाई है. इसमें उनके पूरे परिवार जनों ने भी भरपूर सहयोग दिया है|

अपने प्रियजनों की स्मृति में बनाई गई संस्थाओं में एक भावनात्मक जुड़ाव होता है, अत: इसके तत्वावधान में किया जा रहे कार्य किसी आर्थिक उद्देश्य के लिए नहीं अपितु एक वृहद् सामाजिक और व्यक्ति विकास के उद्देश्य से किये जाते हैं. मोहिनी फाउंडेशन मूल रूप से एक सपना है जो सदा देखा जाना है और इसके सच करने के लिए अपना सर्वस्व लगा देना है| संस्था मूल रूप से निम्न सामाजिक उद्देश्यों के लिए कार्य रत है.

•समाज के वंचित वर्ग के लिए शिक्षा का प्रबंध
•नारी को सम्मान सहित आत्म-निर्भर बनाने के लिए कार्य
•प्रतिभाओं का चयन व उनके विकास के लिए खेल, नाटक, व्यक्तित्व विकास के शिविर
•पुस्तकालय, कैरियर-सलाह, धन की व्यवस्था
•स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के कार्यक्रम
•वातावरण सुरक्षा पर कार्य करना और इसका प्रचार करना
•पेय जल मिशन में पूर्ण सहयोग
•ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास



# मोहिनी फाऊंडेशन के तत्वावधान ने किया फुटबॉल मैच का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मोहिनी फाऊंडेशन के तत्वावधान में आज प्रातःकाल 6:30 बजे मिनी स्टेडियम विकास नगर लखनऊ में मोहिनी मैत्रेय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया । समाज के वंचित वर्ग के बच्चों के शैक्षिक, नैतिक और आध्यामिक मूल्यों के विकास के लिए आयोजित मोहिनी मैत्रेय फुटबाल मैच में मोहिनी फुटबाल क्लब, डी.सी.ए स्पोर्ट्स, ब्लैक आउट फुटबॉल क्लब, खुर्रम नगर फुटबाल क्लब, पैक्रामऊ फुटबॉल क्लब और कल्याण यूनाइटेड के बीच मैच खेला गया, जिसमे फाइनल मुकाबला मोहिनी फुटबॉल क्लब और ब्लैक आउट फुटबाल क्लब के बीच हुआ। विजेता टीम ब्लैक आउट फुटबॉल क्लब को मोहिनी फाऊंडेशन के संस्थापक ईंजी. ओम प्रकाश शर्मा ने मोहिनी ट्रॉफी से सम्मानित किया। इस अवसर पर रोहित रमोला (कैप्टन) सागर बोरा (उप कैप्टन), राहुल सिंह, अशीष मिश्रा, प्रथांशु वर्मा, विवेक, मोहित सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा तमाम दर्शक उपस्थित थे।



# मोहिनी ट्राफी फुटबॉल टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन





कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के विकासनगर क्षेत्र स्थित मिनी स्टेडियम में सीनियर एवं जूनियर वर्गों के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।मोहिनी ट्रॉफी के लिए आयोजित इस फुटबॉल टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते हुए फुटबॉल कोच अब्दुल हबीब ने पत्रकारों को बताया कि डीसीएएस स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित इस फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्देश्य लखनऊ तथा निकटवर्ती जिलों की युवा प्रतिभाओं को फुटबॉल के क्षेत्र में आगे लाना है।मोहिनी फाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित इस खेल प्रतिस्पर्धा के बारे में अध्यक्ष ओपी शर्मा के अनुसार देश में उत्कृष्ट स्तर के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाकर विश्व पटल पर लाने के लिए ऐसे स्थानीय आयोजन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।एक अक्टूबर के सायंकाल तीन बजे से प्रारंभ हुए दोनों वर्गों के फुटबॉल मैच देर शाम तक चलते रहें।कल इस टूर्नामेंट का फाइनल आयोजित होगा।जिसके पश्चात विजयी टीम को मोहिनी ट्राफी दी जाएगी तथा सभी प्रतिभागी युवाओं को प्रमाण-पत्र वितरित होंगे। पहले दिन हुए फुटबॉल मैचो में युसुफ, माही,, जमीर, फैजान, संदीप, आर्यन निहाल विवेक आदि युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# मिनी स्टेडियम में मोहिनी फाउंडेशन का सहायतार्थ फुटबॉल मैच आयोजित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। मोहिनी फाउंडेशन ने रविवार को विकासनगर स्थित मिनी स्टेडियम में संसाधनहीन बच्चों के लिये सहायतार्थ फुटबॉल मैच का आयोजन किया।मोहिनी फाउंडेशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने खेल समारोहों का आयोजन पिक्सेल फिल्म के सहयोग से करता रहा है। रविवार को प्रातःकाल 6बजे से प्रारंभ हुए इस फुटबॉल मैच में सायंकाल विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।विजयी टीम के कप्तान अभिषेक, आयुष, ओमजी, कृष्णा, कार्तिक, मोहित, अनस, लकी, शुभम, श्रेयांश


MOHINI
FOUNDATION


FOOTBALL TOURNAMENT
April 2022
From
Er. Om Prakash Sharma
Director
MOHINI
FOUNDATION


MOHINI
FOUNDATION

# लखनऊ के मशहूर रियल स्टेट कारोबारी एंव फिल्म निर्माता से खास बात-चीत



पिक्सल ग्लोबल इन्फ्रा प्रा०लि० के (सी०एम०डी०) एवं मोहिनी फाण्उडेशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के द्वारा रियल स्टेट के कारोबार को एक नई ऊचांई पर लाने का प्रयास लगातार जारी है, इनके द्वारा लगातार ही कई कार्य जनहित मे किये जा रहे हैं। रियल स्टेट कारोबार के अलावा इनके द्वारा मोहिनी फाण्उडेशन भी चलाया जा रहा है।


मोहिनी फाण्उडेशन के अध्यक्ष द्वारा जनहित मे किये गये कार्य का कुछ अंश:

मोहिनी फाउंडेशन के अध्यक्ष इंजीनियर ओपी शर्मा के द्वारा शिक्षा के स्तर पर जरूरतमंद व गरीब बच्चों को मुफ्त में शिक्षा प्राप्त करवाई जाती है मोहिनी फुटबॉल क्लब चल रहा है जहां 6 वर्ष से 14 वर्ष तक जूनियर टीम और 15 वर्ष से 22 वर्ष तक सीनियर टीम है लगातार कोशिश करते हुए ओ०पी० शर्मा जी द्वारा मिनी स्टेडियम में फुटबॉल ग्राउंड बनवाया गया जहां वे सुबह 5 बजे शंकर जी की मूर्ति का दर्शन करते हैं उसके बाद 8.00 बजे तक फुटबॉल की ट्रेनिंग कोच के द्वारा करवाते हैं। मोहिनी पुस्तकालय का भी काम चल रहा है 8 वर्षो से शर्मा जी समाज सेवा में लगे हुए हैं जिसमें सामाजिक नाटक भी करवाते हैं। बहुत गहराई से सोचने और मेहनत के बाद कलाकारों एवं संस्था द्वारा नाटक की जाती है ओ०पी० शर्मा ने मुंबई जाकर कुछ गाने भी बनाएं हैं टी सीरीज और जी हिंदू जैसे बड़े मंच पर नए कलाकारों को जगह दी है इनकी संस्था द्वारा डॉक्यूमेन्ट्री बनाए जाते हैं इनका सपना है कि अवधी भाषा को आगे बढ़ाया जाए जिसके लिए गांव-गांव में स्वयं सर्वे करवा रहे हैं एवं अवधी कलाकारों को आगे बढ़ाने का काम में लगे हुए हैं इनके मोहिनी फाण्उडेशन द्वारा लगभग 25 नाटक बड़े स्थलों पर हो चुके हैं आगे इनकी यही कोशिश है कि इनके संस्था के अंतर्गत और केंद्र खुले और इनके जीवन का हर एक पल समाज सेवा में गुजरे।

www. pixelfilms.org, www.mohinifoundation.in






मैं बचपन से भोले का पुजारी *डमरू का मुझे जोग लगा*
*रोया नहीं कभी शिव भक्ति मे शिव चरणों का मुझे रोग लगा ।*
मौत भी खड़ी रहे जाये देखकर जिसको, जिस पे चंद्रमा जड़ा है
शत्रु के सीने में त्रिशूल खोपे वो स्मशान में खड़ा है ॥
॥ ॐ हर हर महादेव ॐ ॥




अकाल मृत्यु वो मरे जो काम करे चांडाल का,
काल उसका क्या करे जो भक्त हो महाकाल का।'




हमारे देश की संस्कृति में लोक कलाओं की सशक्त पहचान रही है। ये मूलतः ग्रामीण अंचलों में अनेक जातियों व जनजातियों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित पारंपरिक कलाएँ हैं। लोक कला का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना कि भारतीय ग्रामीण सभ्यता का। लोक कथाओं में लोकगीत, लोकनृत्य, गायन, वादन, अभिनय, मूर्तिकला, काष्ठ कला, धातु कला, चित्रकला, हस्तकला आदि का समावेश होता है। हस्तकला ऐसे कलात्मक कार्य को कहते हैं, जो उपयोगी होने के साथ-साथ सजाने के काम आता था जिसे मुख्यतः हाथ से या साधारण औजारों की सहायता से ही किया जाता है। ऐसी कलाओं का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व होता है। वर्तमान में लोक कलाओं और कलाकारों को उचित प्रश्रय न मिलने के कारण अनेक लोक कलाओं पर संकट उत्पन्न हो गया है। धीरे-धीरे समय परिवर्तन, भौतिकतावाद, पश्चिमीकरण तथा आर्थिक संपन्नता के कारण परंपरागत लोक कलाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जनता व प्रशासन दोनों को ही लोक कलाओं और कलाकारों की पहचान नष्ट होने से बचाने के प्रयास करने चाहिए।

# शो हुआ फ्लॉप, जब दर्जी बना निर्देशक

■ एनबीटी, लखनऊ : युवा उत्थान समिति की ओर से मशहूर हास्य नाटक राजा मास्टर ड्रामा कंपनी का मंचन वरिष्ठ रंगकर्मी राजा अवस्थी के निर्देशन में शुक्रवार को संत गाडगे ऑडिटोरियम में किया गया। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी और मोहिनी फाउंडेशन के सहयोग से मंचित हुए इस नाटक ने लोगों को संदेश दिया कि जो जिस कार्य में पारंगत है, उसे वहीं कार्य करना चाहिए, नहीं तो जग हंसाई होती है। कथानक के अनुसार राजा मास्टर टेलरिंग कंपनी के राजा मास्टर अपने पुश्तैनी काम से ऊब कर ड्रामा कंपनी खोल लेते हैं। कंपनी तो शौक में खोल ली जाती है पर अनुभव

> संत गाडगे में हास्य नाटक राजा मास्टर ड्रामा कंपनी का मंचन, दर्शकों ने खूब बजाईं तालियां



नाटक राजा मास्टर ड्रामा कंपनी में किरदारों ने शानदार अभिनय किया।

वंतिका ने किया तबला वादन, पं

# नाटक : बिना तजुर्बा लिये कोई काम न करने की दी सीख

लखनऊ, 07 अक्टूबर, (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी और मोहिनी फाउंडेशन के सहयोग से गोमतीनगर स्थित संत गाडगे प्रेक्षागृह में युवा उत्थान समिति के कलाकारों ने हास्य नाटक "राजा मास्टर ड्रामा कम्पनी" का भव्य मंचन राजा अवस्थी के कुशल निर्देशन में किया।

इस हास्य नाटक में मुख्य किरदार निभा रहे टेलरिंग कम्पनी के राजा मास्टर अपने पुश्तैनी काम से ऊब कर एक ड्रामा कम्पनी खोल लेते हैं तथा बिना किसी तजुर्बे के ही अपने पहले नाट्य मंचन की घोषणा भी कर देते हैं इसके बाद ऐन शो के दिन कलाकारों के नखरे और लेट-लतीफी के चलते बौखलाए राजा मास्टर नकली कलाकारों को मंच पर लाकर खड़ा कर देता है। एक घंटे के इस नाटक में सभागार के अन्दर खचाखच भरे दर्शक संवादों पर जोर-जोर से ठहाके लगाते रहे और तालियों से प्रेक्षागृह गूंजता रहा। मंच पर अम्बरीश बॉबी, अमरेश आर्यन,विकास श्रीवास्तव, मनीष सैनी, सुनीता तिवारी, योगेश शुक्ला और किरण पांडेय ने अपने किरदारों को जीवंत बना दिया। नाटक में संगीत निर्देशन आलोक श्रीवास्तव व प्रकाश संचालन गोपाल सिन्हा ने किया। इस अवसर पर उर्दू अकादमी के सचिव शौकत अली तथा मोहिनी फाउंडेशन के अध्यक्ष ओपी शर्मा को युवा उत्थान समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

में बाजी मारने वाली कक्षा आठ की छात्रा विनीता, मानसी राजपूत, नेहा, कक्षा 7 की रागिनी, प्रतियोगिता में सफल रही।

## रामलीला, दशहरा व कृष्णलीला महोत्सव कल से


लखनऊ। श्री त्रिलोकेश्वर नाथ मन्दिर एवं रामलीला समिति की ओर से ग्यारह दिवसीय 67वां रामलीला, दशहरा एवं कृष्णलीला महोत्सव का आलमबाग के बरहा रेलवे कॉलोनी मैदान में रविवार से मंचन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रमेश लोधी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री त्रिलोकीनाथ मन्दिर प्रांगण में वृन्दावन धाम व अयोध्या धाम से आई नाट्य मण्डली मंचन करेगी।

## नाटक में कलाकारों ने दर्शकों को खूब हंसाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी एवं मोहिनी फाउण्डेशन के सहयोग से युवा उत्थान समिति ने द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी नाटक का मंचन किया। संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में मंचित नाटक का लेखन दिनेश भारती व निर्देशन राजा अवस्थी ने किया। नाटक में कलाकारों के चुटीले संवादों ने दर्शकों को लोट-पोट कर दिया।

## बच्चों की समस्या का समाधान करना जरूरी

लखनऊ। मनोवैज्ञानिक, व्यवहारिक और सामाजिक-सांस्कृतिक कारक पूरी कक्षा में सीखने के माहौल को प्रभावित करते हैं। इसका सीधा असर बच्चों की



आदि गुरु शंकराचार्य जी से भेंट स्वरूप पुस्तकों का और सफलता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ






शांतिकुंज के सर्वोपरि संत श्रद्धेय श्री प्रणव पंड्या जी से आशीर्वाद की प्राप्ति




देव संस्कृति विश्वविद्यालय

यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा प्रत्यायित, आईएसओ 9001:2015 द्वारा प्रमाणित एवं सर्वांगपूर्ण शिक्षा के लिए वर्ष 2019 के श्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में पुरस्कृत संस्था

ॐ

मई 05, 2023

**शुभकामना सन्देश**

आप महानुभावों के द्वारा ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धारावाहिक 'विश्वदेव' के लिए जिस गहन अनुशीलन, श्रम, साधना, अध्यवसायरूपी तप-तितिक्षा के साथ 500+एपिसोड निर्माण कार्य हेतु कृतसंकल्पित हुए हैं। विशेषकर हमारी सनातन संस्कृति देवसंस्कृति के दिग्विजय लक्ष्य की संकल्पना आपके अन्त:करण में उल्लसित हैं-यह दैवी प्रयास अद्‌भूत अद्वितीय व अभिनन्दनीय है। आपकी राष्ट्रनिष्ठा, भारतभक्ति एवं संस्कृतिप्रेम हमारे लिए प्रेरक, नमनीय व अनमोल हैं।

आपकी पवित्र भावनाएँ एवं सुसंस्कार अन्तर्यामी परमपूज्य गुरुदेव जी को भलीभाँति ज्ञात हैं। वे जहाँ से भी आपके व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व को देख रहे होंगे उन्हें सन्तोष और आनन्द अनुभव हो रहा होगा। आपके प्रति उनका स्नेह, आशीर्वाद, संरक्षण, सहयोग और सान्निध्य अपने चारों ओर बिखरा दिखाई देगा और अविरल उनका पितृ-प्रेम उसी तरह प्राप्त होता रहेगा-जैसा कि कि तब सौभाग्यवश आपके पूज्य पिताजी डॉ० रामानंद सागरजी अपने विश्व प्रसिद्ध रामायण सीरियल के लिए गायत्रीतीर्थ शान्तिकुञ्ज पधारकर आशीर्वाद प्राप्त किये थे, ऐसा हमें दृढ़ विश्वास है।

सजल श्रद्धारूपा शैलजीजी एवं श्रद्धेय डॉ० प्रणव पण्ड्या जी आपकी पवित्र भारतीय संस्कृतिनिष्ठ भावनाओं में सदैव एक अदृश्य ऊर्जा, ऊष्मा, शक्ति, प्रेरणा, वरदान एवं सौभाग्य का अविरल प्रवाह न केवल अनुभव कर रहे हैं अपितु आपके भावी सुखद परिणामों के प्रति भी आशान्वित हैं। श्रद्धेयद्वय अपना भावभरा स्नेह, शुभकामनाएँ प्रेषित कर रहे हैं, कृपया इसे अवश्य ग्रहण करें। आपके सत्प्रयासों की सफलता के लिए वे सर्वमंगलमयी माँ गायत्री से सतत प्रार्थना भी करेंगे।

हम यह अनुभव कर रहे हैं कि समस्त विश्व को भारत के अजस्र अनुदानों से पूरी दुनिया को परिचित कैसे कराया जाए? इसके लिए समयोचित क्रियान्वयन की भूमिका संपादित करने के लिए नियति द्वारा नियुक्त संस्कारवान आत्माओं को वे दिव्य सत्ता झिंझोड़ने-झकझोरने आती हैं। जिनके जीवन में कुछ करने लायक निष्ठाएँ विद्यमान हैं वे अन्तर्मुखी होकर दिव्य सत्ता की प्रेरणाएँ सहज ही सुनने लगते हैं और सुनकर ग्रहण करने की कुलबुलाहट भी अनुभव करते हैं। आपके सत्प्रयासों को हम इसी रूप में देख रहे हैं।

हम अखिल विश्व गायत्री परिवार के समस्त भाई एवं बहिनें यह विश्वास सँजोये हैं कि आपका यह धारावाहिक हमारी सनातन संस्कृति अर्थात देवसंस्कृति दिग्विजय अभियान को विश्व में ले जाने का श्रेष्ठ माध्यम बनेगा। इसकी प्रेरणा एवं परम्परा अक्षय बनी रहे ऐसी कामना भी करते हैं।

परमपूज्य गुरुदेव एवं परम वन्दनीया माताजी आपको श्रेय, पुण्य तथा कृपा का अधिकारी बनाए ऐसी शुभेच्छाओं तथा श्रद्धेय डॉ० प्रणव पण्ड्या जी एवं श्रद्धेया शैल जीजी की हार्दिक मंगलकामनाओं के साथ हमारा अभिवादन स्वीकार करें।

**डॉ. चिन्मय पण्ड्या**
प्रति कुलपति (एम.बी.बी.एस; पी.जी.डि; एम.आर.सी. साईक-लंदन)

गायत्रीकुञ्ज-शान्तिकुञ्ज, हरिद्वार-249411. (उत्तराखण्ड)
ष: +91 92583 60606 • ई-मेल: chinmay.pandya@dsvv.ac.in • वेबसाइट: www.dsvv.ac.in I www.awgp.org




माननीय रक्षामंत्री जी के सम्मुख वेदों एवं पुराणों पे आधारित धारावाहिक कि चर्चा करते हुए ।

माननीय मंत्री जी ने बड़ी प्रशनतापूर्वक हमारे इस सनातन संस्कृति पे बन रहे धारावाहिक कि प्रशंसा कि और इसके सफल होने का आशीर्वाद दिया ।



जगद गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज से अपने धारावाहिक के सफल होने का आशीर्वाद प्राप्त हुआ ।


















आदि तीर्थ नैमिषारण्य लखनऊ से ८० किमी दूर लखनऊ क्षेत्र के अन्तर्गत सीतापुर जिला में गोमती नदी के बाएँ तट पर स्थित एक प्रसिद्ध हिन्दू तीर्थ है यह पृथ्वी का मध्य भाग है। यही पे प्रारंभ मे धर्म संसद हुआ करती थी।

यहाँ के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के महंत पवन दास जी महाराज जी से आदि तीर्थ नैमिषारण्य के महत्व को जानते हुए अपने धारावाहिक कि सफलता और आने वाले समय मे सनातन संस्कृति कि पुनर्स्थापना का आशीर्वाद प्राप्त किया ।


लखनऊ
Lucknow 93
सिधौली
Sidhauli 40
सरकार का संकल्प, सड़कों का हो कायाकल्प
SR INTERNATIONAL


देवी अहिल्याबाई होलकर
Devi Ahilyabai Holkar (1725-1795)

Pixel Films GAAZA·BAAZA·NAAZA

MOHINI FOUNDATION AAO EK SAPNA DEKHEN

www.pixelfilms.org

